**SET – 4**

**Series : HRK/NSQF/C**

कोड नं.
**Code No. 504**

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । इस प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# संकलित परीक्षा – II

## SUMMATIVE ASSESSMENT - II

# हिन्दी (पाठ्यक्रम ब)

# HINDI (Course B)

*निर्धारित समय : **3** घंटे* | *अधिकतम अंक : **90***
*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **90***

**सामान्य निर्देश** :

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं – **क, ख, ग** और **घ** ।*

*(ii)* *चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है ।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खण्ड – क

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए : **2 × 6 = 12**

राजधर्म बताते हुए भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर को समझाया कि जो राजा स्वयं राजोचित व्यवहार के साथ सत्यप्रतिज्ञ एवं गुप्तचरों की नियुक्ति में असावधानी निभाता है, वह शीघ्र ही नष्ट हो जाता है । गुप्तचरों की सूचनाएँ राज्य के निर्णयों को सही दिशा देती हैं । इसीलिए गुप्त मंत्रणाओं का महत्त्व होता है । स्थिति के अनुसार सम्यक दण्ड–विधान, प्रजा में विश्वास एवं राजा में संकल्पशक्ति को बढ़ाता है । जब युधिष्ठिर ने राज्य के प्रमुख अंगों – मंत्री, युद्ध, योगक्षेम और राज–कर, के परस्पर संबंधों को जानने के लिए राजा के कर्त्तव्यों को जानने के लिए जिज्ञासा प्रकट की तो भीष्म पितामह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो राजा शास्त्र (संविधान) ज्ञान रहित मंत्रियों से मंत्रणा करके निर्णय लेगा, वह नेतृत्व में अक्षम माना जाएगा । जो राजा कहता तो यह है कि 'मैं तुम लोगों की रक्षा करूँगा' किंतु वह रक्षा करने में असमर्थ रहता है, राष्ट्र को हानि पहुँचाने वाले समस्त अप्रिय–अहितकर लोगों को अनुशासित नहीं कर पाता है, वह राष्ट्र के प्रति द्रोह करता है ।

युधिष्ठिर ने पितामह से पूछा कि राजा के लिए युद्ध का निर्णय किन परिस्थितियों में आवश्यक रहता है ? तब बाण–शय्या पर लेटे हुए भीष्म ने गंभीर मुद्रा में कहा कि युद्ध–प्रसंग अत्यंत आवश्यक परिस्थिति में ही आना चाहिए । शासक को प्रजाजन के प्राणों एवं सैनिकों के हित–रक्षण का ध्यान सर्वोपरि करना चाहिए । किंतु दुर्निवार कारण उपस्थित होने पर युद्ध की उपेक्षा भी शासक को राष्ट्र–द्रोही बनाती है । राष्ट्र–रक्षा जैसे उत्तम उद्देश्यों की पूर्ति में प्राणों की बाजी लगाना और प्राण–विसर्जन करना, सैनिक अपना पवित्र धार्मिक कार्य समझता है । युद्ध छिड़ जाने पर ऐसे सैनिक अपने प्राणों की परवाह किए बिना, दीपक की लौ में पतंगे की तरह अपने प्राणों को स्वाहा करने में किंचित भी संकोच नहीं करते ।

(क) गद्यांश में राजा के विनाश का क्या कारण बताया है ?

(ख) शासक की संकल्पशक्ति की वृद्धि कब होती है ?

(ग) नेतृत्व में अक्षम किसे माना गया है ?

(घ) युद्ध के निर्णय से पहले राजा को क्या सोचना चाहिए ?

(ङ) सैनिकों का पवित्र कर्त्तव्य और उद्देश्य क्या होता है ?

(च) गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए ।

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 × 4 = 8**

उठ नए अभियान–पथ पर पग बढ़ाएँ,
हर विवश–लाचार को ऊपर उठाएँ ।
हम बुलाते हैं तुम्हें बढ़ साथ आओ,
हर बुझे मुख पर नई मुस्कान लाएँ ।।

हर कुहकते कंठ को हम तान देंगे,
हर महकते फूल को उद्यान देंगे ।
तुम तनिक सहयोग की बाहें बढ़ाओ,
हम मनुज को मनुज की पहचान देंगे ।।

धर्म–भाषा भेद हों हममें भले ही,
एक से मधुभाव यदि महके हुए हैं ।
तो चलो सुख–शांति भूतल पर उगाएँ,
राह उनको दें कि जो बहके हुए हैं ।।

आ नया आलोक लेकर जगमगाएँ,
उड़ नया आकाश पाकर फड़फड़ाएँ
हम नया संसार भूतल पर रचेंगे,
चल नया विश्वास जन–जन में जगाएँ ।।

(क) काव्यांश में कवि ने यह क्यों कहा है कि 'हम बुलाते हैं तुम्हें बढ़ साथ आओ ।

(ख) "मनुज को मनुज की पहचान" से क्या तात्पर्य है ?

(ग) "एक से मधुभाव" से कवि क्या कहना चाहता है ?

(घ) काव्यांश में कवि का क्या संदेश है ?

## खण्ड – ख

3. (क) कैसा ध्वनि समूह शब्द होता है ? **1**

   (ख) शब्द और पद में क्या अंतर है ? उदाहरण दीजिए । **1**

4. निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण कीजिए : **1 × 3 = 3**

   (क) चाय पीने की यह एक विधि है ।

   जापानी में उसे चाजो-यू कहते हैं । (मिश्र वाक्य में)

   (ख) वह खाना खाकर सो गया । (संयुक्त वाक्य में)

   (ग) हमारे जीवन की रफ़्तार बढ़ गई है । (वाक्य भेद बताइए)

5. (क) निम्नलिखित में समास करके समास का भेद लिखिए : **2**

   सत् जो आचार, क्रीड़ा का क्षेत्र

   (ख) निम्नलिखित का विग्रह करके समास का नाम लिखिए : **2**

   अन्नक्षेत्र, धनुर्धर

6. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : **1 × 4 = 4**

   (क) उसमें कूट-कूट कर ईर्ष्या भरा है ।

   (ख) आपने यह क्या करा ?

   (ग) उसे गरम गाय का दूध पिलाओ ।

   (घ) मेरे माता जी भी आए हैं ।

7. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए : **1 + 1 = 2**

   सिर पर कफ़न बाँधना, काम तमाम कर देना ।

## खण्ड – ग

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 + 2 + 1 = 5**

(क) ‘गिरगिट’ पाठ के अनुसार उँगली ठीक न होने की स्थिति में ख्यूक्रिन का नुकसान क्यों होता ?

(ख) शुद्ध सोने से गिन्नी का सोना अलग क्यों होता है ?

(ग) सिपाही वजीर अली से तंग क्यों आ चुके थे ?

9. ओचुमेलाव के चरित्र की विशेषताओं को सोदाहरण अपने शब्दों में लिखिए । **5**

10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 + 2 + 1 = 5**

व्यवहारवादी लोग हमेशा सजग रहते हैं । लाभ–हानि का हिसाब लगाकर ही कदम उठाते हैं । वे जीवन में सफल होते हैं, अन्यों से आगे भी जाते हैं पर क्या वे ऊपर चढ़ते हैं । खुद ऊपर चढ़ें और अपने साथ दूसरों को भी ऊपर ले चलें यही महत्त्व की बात है । यह काम तो हमेशा आदर्शवादी लोगों ने ही किया है ।

(क) व्यवहारवादी लोग सजग क्यों रहते हैं ?

(ख) व्यवहारवादी लोगों की सफलता दूसरों के लिए कैसी होती है ?

(ग) आदर्शवादी लोगों ने कौन सा काम किया है ?

11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 + 2 + 1 = 5**

(क) बिहारी ने ग्रीष्म ऋतु की तुलना किससे की है ? ग्रीष्म में किन प्राणियों का स्वाभाविक वैर दूर हो जाता है ?

(ख) कवि ने ‘मनुष्यता’ कविता में सबको एक होकर चलने की प्रेरणा क्यों दी है ?

(ग) ‘कर चले हम फ़िदा’ गीत में ‘सीता का दामन’ से क्या अभिप्राय है ?

12. आत्मत्राण कविता का संदेश अपने शब्दों में लिखिए । **5**

13. ‘सपनों के से दिन’ पाठ के आधार पर बताइए कि छात्रों को अनुशासित रखने के लिए क्या आधुनिक मान्यताएँ खरी हैं ? अपने उत्तर की पुष्टि में तर्क दीजिए । **5**

## खण्ड–घ

14. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **100** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : **5**

(क) दूरदर्शन

- क्या है
- लाभ, हानि
- सुझाव

(ख) हिंदी क्यों पढ़ें

- भाषाओं में हिंदी की स्थिति
- हिंदी संपर्क भाषा
- लाभ

(ग) बाल मजदूरी

- एक समस्या
- कानूनी प्रतिबंध
- समाधान

15. पढ़ाई के साथ–साथ खेल–कूद में भी भाग लेने की आवश्यकता बताते हुए छोटी बहन को पत्र लिखिए । **5**

16. 'बाल दिवस पर' मोहल्ले के नागरिकों द्वारा आयोजित 'बालक्रीड़ा' समारोह के लिए लगभग **30** शब्दों में एक सूचना लिखिए । **5**

17. बच्चों को अच्छी आदतें सिखाने के बारे में दो महिलाओं के बीच के संवादों को लगभग **50** शब्दों में लिखिए। **5**

18. अपने घर का पुराना फर्नीचर बेचने के लिए लगभग **25** शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए। **5**

---